Title: Need to review the implementation of health schemes being undertaken in Madhya Pradesh with assistance of World Bank – laid.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश को जिस प्रकार मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं एवं विशिट संक्रामक व अन्य रोगों के निवारण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, उनका पूर्णतः उपयोग हो, इस दृटि से आवश्यक है कि इनकी पूर्णतः जैसे परिवार कल्याण कार्यक्रम, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, राट्रीय क्षय नियंत्रण, राट्रीय कुठ उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण व अंधत्व निवारण आदि हैं, इनकी सामयिक निगरानी या जांच अथवा समीक्षा आवश्यक है, क्योंकि उक्त कार्यक्रमों में विश्व बैंक का भी सहयोग है तथा ऐसे कार्यक्रम, जो वर्तमान में मध्यप्रदेश में कुछ जिलों तक सीमित हैं, उन्हें अन्यान्य जिलों में भी यथा मंदसौर, नीमच, रतलाम व उज्जैन आदि में लागू किया जाये, ताकि प्रदेश के अन्य जिलों में जो वर्तमान में केन्द्रीय व विश्व बैंक की सहायता से वंचित हैं, लाभ प्राप्त कर सकें व राट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में सहभागी हो सकें।

अतः मेरा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश को पूर्णतः केन्द्रीय व वैश्विक स्वास्थ्य योजना का लाभ देने हेतु मध्य प्रदेश द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करें, जिससे कि मध्य प्रदेश के मंदसौर, नीमच, रतलाम व उज्जैन आदि भी लाभान्वित हो सकें।